तकनीकी शिक्षा विभाग, हरियाणा

की

वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

1975-76

कन्ट्रोलर, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग (यू. टी.),
चण्डीगढ़ ।

तकनीकी शिक्षा विभाग, हरियाणा की वर्ष 1975-76 की वार्षिक प्रशासन रिपोर्ट की समीक्षा

तकनीकी शिक्षा विभाग, हरियाणा राज्य की प्रगति मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है । डिग्री तथा उच्च स्तर की तकनीकी शिक्षा देने के लिए एक इन्जीनियरिंग कालेज, कुरुक्षेत्र मे है तथा डिप्लोमा स्तर की इन्जीनियरिंग शिक्षा के लिए चार राजकीय बहुतकनीकी, अम्बाला शहर/सिरसा/झज्जर तथा नीलोखेडी मे और दो अराजकीय बहुतकनीकी सस्थाए, रोहतक मे है । राज्य मे आधुनिक तकनीकी शिक्षा में प्रशिक्षण दने के लिए सैंडविच कोर्सिज पर आधारित वाई. एम. सी. ए. इन्जीनियरिंग सस्था, फरीदाबाद में चल रही है । डिप्लोमा स्तर की शिक्षा सम्बन्धी सभी प्रकार के मामले तकनीकी शिक्षा बोर्ड, हरियाणा द्वारा निपटाए जाते है । वर्ष 1975-76 मे छात्रों द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के कोर्सिज पास किये गए थे।

2. वर्ष 1975-76 मे तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए कमजोर वर्ग के छात्रो को 3.72 लाख रुपए ब्याज रहित ऋण दिया गया है। राजकीय तकनीकी सस्थाओं में छात्रो से टयूशन फीस प्राप्त नही की गई तथा उनको कई प्रकार की छात्रवृत्तिया भी प्रदान की गई । गैर-सरकारी सस्थाओ को वर्ष के दौरान सहायता अनुदान के रूप में 43.31 लाख रुपए की राशि बिल्डिगों, साज़ो सामान, प्राध्यापकों तथा अन्य कर्मचारियो के वेतन इत्यादि तथा अन्य खर्च के लिए प्रदान की गई । गैर-सरकारी डिप्लोमा सस्थाओ का 0.83 लाख रुपए छात्रो के लिए प्रीशिप योजना के अन्तर्गत दिए गए ।

3. निदेशक, अपर निदेशक और सहायक निदेशक एवं रजिस्ट्रार के पदों पर सर्व श्री आई. सी गुप्ता, पी. एल. गुलाटी तथा एस. आर. नैय्यर कार्य करते रहे ।

4. हरियाणा राज्य में तकनीकी शिक्षा क्षेत्र मे हुई प्रगति की जानकारी के लिए आदेश दिया जाता है कि इस समीक्षा को हरियाणा राज्य के राजपत्र में छापा जाए ।

दिनाक चण्डीगढ़ :
17 अक्तुबर, 1977.

सुखदेव प्रसाद,
सचिव, हरियाणा सरकार,
तकनीकी शिक्षा विभाग ।

तकनीकी शिक्षा विभाग हरियाणा की वर्ष 1975–76 की वार्षिक प्रशासन रिपोर्ट की समालोचना

तकनीकी शिक्षा विभाग हरियाणा समस्त राज्य मे इंजीनियरिंग की डिग्री डिप्लोमा स्तर तथा सर्टिफिकेट कोर्सों के स्तर की शिक्षा का प्रबन्ध करता है। इस विभाग की सभी गतिविधिया स्पष्ट रूप से वार्षिक रिपोर्ट मे बतलाई गई है। हरियाणा राज्य में केवल एक इजीनियरिंग कालिज है जो कि क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालिज कुरुक्षेत्र के नाम से पुकारा जाता है। इस कालिज की प्रवेश क्षमता 250 है जबकि इस वर्ष कुल 256 विद्यार्थी प्रविष्ट किये गये थे। चार राजकीय बहुतकनीकी सस्थाए हैं जो कि अम्बाला शहर, झज्जर, नीलोखेडी, सिरसा में स्थित है। इसके अतिरिक्त दो अराजकीय बहुतकनीकी सस्थाये हैं जो छोटूराम बहुतकनीकी रोहतक तथा वैश्य तकनीकी सस्था रोहतक के नाम से पुकारी जाती हैं। हरियाणा राज्य में उद्योगो की आवश्यकता को पूरा करने के लिये एक संस्था जिसका नाम वाई एम सी ए इंजीनियरिंग फरीदाबाद मे है। उक्त तकनीकी संस्थाओ की प्रवेश की क्षमता डिप्लोमा स्तर की 1,080 है तथा इस वर्ष 1,098 विद्यार्थियो ने प्रवेश किया।

वर्ष 1975–76 की प्रशासनिक रिपोर्ट

रिपोर्ट

तकनीकी शिक्षा –आजकल के आधुनिक युग मे तकनीकी शिक्षा का दूसरी विज्ञान शिक्षाओ की तरह बहुत ही महत्व है। राज्य की प्रगति के लिए तकनीकी शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। हरियाणा राज्य मे चार राजकीय बहुतकनीकी संस्थाए तथा दो अराजकीय तकनीकी सस्था डिप्लोमा के स्तर की शिक्षा प्रदान करने के लिए है। यह सस्थाएं सिविल, यान्त्रिक, विद्युत, तथा आटोमोबाईल इजीनियरिंग मे तीन वर्ष की अवधि का प्रशिक्षण देती है तथा उत्तीर्ण छात्रो को डिप्लोमा दिए जाते है। उद्योगो की आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए फरीदाबाद मे वाई एम. सी. ए के नाम से तकनीकी सस्था है जिसमे छात्रो को चार वर्ष के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। इस सस्था के छात्रो को फरीदाबाद मे स्थित उद्योगो मे कार्य करने हेतु विशेष एवं पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाता है। एक रिजनल इजीनियरिंग कालेज, कुरुक्षेत्र मे स्थित है। इस कालेज मे छात्रो को पाच वर्ष के लिए बी. एस सी· इजीनियरिंग तथा दो वर्ष के लिए एम एस सी (इजीनियरिंग) कोर्सिज की ट्रेनिंग दी जाती है।

तकनीकी शिक्षा विभाग की गतिविधियो को मुख्य रूप से प्रशासकीय तथा शिक्षा सम्वन्धी दो भागो मे बाटा गया है। विभाग का प्रशासन सुचारु रूप से चलाने के लिए निदेशालय तकनीकी शिक्षा है जिसके मुख्य कार्य इस प्रकार से है :—

(क) विभाग के प्रशासन सम्वन्धी मामलो का निपटान करना।

(ख) तकनीकी शिक्षा योजना को कार्यान्वित करना तथा योजना तथा आयोजनासम्बन्धी स्कीमो के लिए बजट तैयार करना तथा उन पर होने वाले व्यय की देखभाल करना।

(ग) अराजकीय बहुतकनीकियो की उपयुक्तता परखने के पश्चात् अनुदान देना।

(घ) सुपात्र विद्यार्थियो को ऋण तथा छात्रवृत्तिया देना।

(ङ) प्राध्यापको को आधुनिक प्रशिक्षण टैक्नीकल टीचरज ट्रेनिंग संस्था, चण्डीगढ में दिलवाने का प्रबन्ध करना ।

2 शिक्षा सम्बन्धी मामलो के निपटान हेतु तकनीकी शिक्षा बोर्ड राज्य सरकार द्वारा गठित किया हुआ है। जिसके मुख्य कार्य इस प्रकार से है .—

(क) तकनीकी शिक्षा के विकास के लिए योजना बनाना ।

(ख) डिप्लोमा / सार्टीफिकेट स्तर की परीक्षाएं लेना तथा शिक्षा सम्बन्धित मामलो के निपटान के लिए नियमो को स्वीकृत करना।

राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड की सहायता के लिए निम्नलिखित कमेटियां है —

1 परीक्षा कमेटी —यह समिति परीक्षा सम्बन्धी प्रत्येक मामले का निपटान करती है। वर्ष 1975–76 मे इस कमेटी की बैठके परीक्षा सम्बन्धी कार्य निपटाने हेतु की गई ।

2 सलेबस कमेटी —यह कमेटी तकनीकी शिक्षा संस्थाओ का पाठ्य क्रम निर्धारित करने का कार्य करती है।

3 एवेल्यूएशन —और एकरीडियेशन —यह समिति राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से संबन्धित सस्थाओ का निरीक्षण करने के लिए स्थापित है यह कमेटी प्रत्येक सस्था मे निर्धारित साजोसामान भवन तथा स्टाफ इत्यादि का निरीक्षण करती है।

4 प्रवेश.—हरियाणा राज्य की सस्थाओ मे छात्रो को प्रवेश बिल्कुल योग्यता के आधार पर दिया जाता है। राजकीय तकनीकी सस्थाओ की प्रवेश क्षमता मे से 141 स्थान अनुसूचित जातियो/कबीलो के लिए , 15 स्थान पिछडे वर्ग के लिए 70 स्थान हरियाणा राज्य के पिछडे क्षेत्र के लोगो के लिए आरक्षित है । प्रत्येक राजकीय तकनीकी सस्था मे छात्रो को डिप्लोमा कोर्सिज मे आरक्षित स्थानो की स्थिति का व्यौरा अनुबन्ध 'क' मे दिया गया है ।

तकनीकी सस्थाओ के कोर्सिज़ अवधि तथा प्रवेश के लिए निर्धारित योग्यताएं इस प्रकार से हैं :—

रिजनल इजीनियरिंग कालेज, कुरुक्षेत्र :—

(क) कोर्सिज़ और अवधि :

सिविल , इलैक्ट्रीकल तथा मकैनीकल इजीनियरिंग की शाखाओं में निम्नलिखित दो वर्ष की अवधि के एम.एल.सी. इजीनियरिंग डिग्री स्तर के कोर्सिज़ पढाये जाते है ।

(i) Soil Machanics and Foundations with Emphasis on Geotechnology.

(ii) Structural Engg. with emphasis on constructional techniques.

(iii) Advance Electronics, Control system

(iv) Electrical Power.

(v) Design of Machines with emphasis on production Engineering.

न्यूनतम दाखले हेतु योग्यताए :—

सम्बन्धित विषय मे बी. एस सी. (इजीनियरिंग) की डिग्री कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से या बराबर की योग्यता कम से कम 55 प्रतिशत कुल अको के जोड से लेकर पास हो ।

(ख) पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स —

Post-graduate Diploma course in Scientific instrumentation एक वर्ष की अवधि का है ।

न्यूनतम दाखले हेतु योग्यता —

कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से बी एससी (इंजीनियरिंग) की डिग्री या बराबर की योग्यता कम से कम कुल अंको में से 55 प्रतिशत के साथ पास।

अथवा

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से फिजिक्स मे एम. एससी. या बराबर की योग्यता कम से कम 55 प्रतिशत अंक के साथ पास।

(ग) कोर्सिज और अवधि —

सिविल, मकैनीकल, इलैक्ट्रीकल तथा इलैक्ट्रोनिक्स एव कम्यूनिकेशन इंजीनिरिंग के डिग्री स्तर के कोर्सिज पाच वर्ष की अवधि के है।

न्यूनतम दाखले के लिए योग्यताए।

1 इंगलिश विषय के साथ हायर सैकडरी या प्री-यूनिवर्सिटी या बराबर की परीक्षा पास अथवा प्री-इंजीनियरिंग बी. एससी. पार्ट I पास कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से या अन्य बराबर की योग्यता।

2 कैमिस्ट्री फिजिक्स मैथेमैटिक्स तथा इंगलिश विषयो के जोड मे से कम से कम 50 प्रतिशत अंक।

(घ) वाई. एम. सी. ए. इंजीनियरिंग संस्था फरीदाबाद कोर्सिज और अवधि —

मशीन टूल ओप्रेशन तथा मैनटीनैन्स, फैबरीकेशन बैलडिंग तथा शीटमैटल टैकनोलाजी, रैफरीजेशन तथा एयर कंडीशनिंग, इलैक्ट्रीकल मशीनज़ और अपलाईनर्सज, एलैक्ट्रोनिक्स इन्स्ट्रूमैनटेशन और कन्ट्रोल सरकटस तथा रेडियो और टैलीवीजन के सभी कोर्स पोस्ट डिप्लोमा स्तर के चार वर्ष की अवधि के है।

न्यूनतम दाखले के लिए योग्यताएं —

मान्यता-प्राप्त बोर्ड/यूनिवर्सिटी से हायर सैकडरी या इसके बराबर की योग्यता

की परीक्षा इंगलिश फिज़िक्स, कैमिस्ट्री, तथा मैथेमैटिक्स विषयो के साथ पास और कम से कम 45 प्रतिशत इन विषयो के जोड मे से अक प्राप्त हो।

अनुसूचित जातियो/कबीलो के लिए अको की शर्त कम से कम 40 प्रतिशत है।

(ड) राजकीय बहुतकनीकी सस्था, अम्बाला/नीलोखेडी/सिरसा/झज्जर — गैर सरकारी सस्था वैश्य तकनीकी सस्था रोहतक और छोटूराम बहुतकनीकी सस्था, रोहतक।

कोर्सिज और अवधि —

सिविल, इलक्ट्रीक्ल तथा मकैनीकल इजीनियरिंग डिप्लोमा कोर्सिज की अवधि तीन वर्ष है। राजकीय तकनीकी सस्था, अम्बाला शहर मे आटोमोबाईल इंजीनियरिंग डिप्लोमा कोर्स की सुविधा भी है।

दाखले हेतु न्यूनतम योग्यताए —

. दसवी या बराबर की परीक्षा द्वितीय श्रेणी साईस तथा मैथेमैटिक्स विषयो के साथ कुल अको मे से कम से कम 45 प्रतिशत के साथ पास अथवा हायर सैकंडरी या बराबर का परीक्षा साईस तथा मैथेमैटिक्स विषयो के साथ कुल अंको मे से 40 प्रतिशत के साथ पास अथवा प्री-इंजीनियरिंग अथवा जूनियर तकनीकी स्कूल की भाग I की परीक्षा पास अथवा आई टी आई और मैट्रिक साईस तथा हिसाब के साथ।

अनुसूचित जातियो/कबीलो पिछडी श्रेणियो तथा सैनिको/भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों तथा आश्रितो के लिए योग्यता साईस तथा गणित विषयो के साथ कवल दसवी पास।

5 सस्थाओं का प्रबन्ध--प्रत्येक संस्था का प्रबन्ध चलाने हेतु प्रधानाचार्य तथा इसको सहायता हेतु विभागाध्यक्ष और अन्य प्राध्यापक है। इन श्रेणियों के अधिकारियों तथा अन्य अमले का संस्थावार विवरण अनुबन्ध (ख) मे दिया गया है।

6. छात्रवृत्ति एवं वृत्तिका —प्रत्येक राजकीय तकनीकी संस्था में निर्धारित प्रवेश क्षमता के 10 प्रतिशत विद्यार्थियो को छात्रवृत्तिया दी जाती है। एक तिहाई

छात्रों को 20/- प्रति विद्यार्थी प्रति मास योग्यता के आधार पर तथा दो तिहाई को 20 प्रति मास मैरिट-कम-मीन्ज़ के आधार पर छात्रवृत्ति दी जाती है।

7 शिक्षा सम्बन्धी ब्याज रहित ऋण --यह ऋण कमजोर वर्ग के उन छात्रों को दिया जाता है जिनके माता पिता की मासिक आय 500 रुपये से कम हो। सरकारी कर्मचारियों के लिए यह 750 रुपये प्रति मास है। वर्ष 1975-76 में भिन्न भिन्न तकनीकी संस्थाओं के विद्यार्थियो को कुल 3 72 लाख रुपये का ऋण दिया गया।

8 बजट व्यवस्था --वर्ष 1975-76 में तकनीकी शिक्षा की योजनातथा आयोजना स्कीमो के लिए बजट व्यवस्था 94 47 लाख रुपये का तथा वास्तविक व्यय 91 89लाख रुपये था। जिसका संस्थावार विवरण अनुबन्ध 'ग' मे दिया गया है।

इस अनुबन्ध में गैर सरकारी संस्थाओं को वर्ष 1975-76 में जो अनुदान की राशि प्रदान की गई उसका भी संस्था अनुसार ब्यौरा दिया गया है।

9 छात्रवास.--प्रत्येक संस्था के भवन तथा छात्रावास आधुनिक ढंग से बने हुए हैं। संस्थाओं के छात्रावासो में सभी विद्यार्थियों के लिए रहने के लिए पर्याप्त स्थान है। जिनमें अन्य सुविधाएं भी तथा भोजनालय है।

10 खेल कूद के मैदान --प्रत्येक राजकीय संस्था के मैदान आधुनिक खेलों के अनुसार है। संस्थाओं में फुटबाल, वालीबाल, क्रिकेट, बैडमिण्टन, व्यायाम, टेबल-टेनिस तथा तैराकी आदि खेलों का प्रबन्ध है और बहुतकनीकियो के लिए वार्षिक अन्तर बहुतकनीकी खेलकूद प्रतियोगिता मनाई जाती है जिसमे सभी संस्थाओं के खिलाड़ी भाग लेते हैं और विजयी टीमों तथा खिलाडियो को पारितोषिक वितरण किये जाते है।

11. एन. सी. सी.--प्रत्येक संस्था में कैडिटों के लिए स्थाई प्रशिक्षण का प्रबन्ध है। यह प्रशिक्षण एक सेना कर्मचारी तथा प्रतिशिक्षत कर्मचारियों द्वारा दिया जाता है। जिसका तात्पर्य प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी के स्वास्थ्य तथा बौद्धिक विकास में सुधार करना होता है।

12. पुस्तकालय.--प्रत्येक संस्था मे पुस्तकालय उपलब्ध है वहा कई प्रकारकी

दैनिकपत्रिकाएं भी मंगवाई जाती हैं। जिनसे संस्थाओ के छात्र/कर्मचारी पूरा पूरा लाभ उठाते हैं।

13 औषधालय —प्रत्येक सस्था मे औषधालय उपलब्ध है जिसमें डाक्टर तथा डिस्पैन्सर की व्यवस्था है। इस औषधालय से प्रत्येक विद्यार्थी तथा कर्मचारी को आवश्यक डाक्टरी सुविधा प्रदान की जाती है।

14 छात्रो के लिए मनोरंजन की सुविधाए —प्रत्येक सस्था में विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन क्लब है तथा प्रत्येक संस्था में अपना फिल्म प्रोजैक्टर है। छात्रो के मनोरजन के लिए तथा उनमें शिक्षा के लिए रुचि उत्पन्न करने के लिए शिक्षा सम्बन्धित फिल्में दिखाई जाती हैं।

15. परीक्षाएं —निम्नलिखित तकनीकी सस्थाओं की परीक्षाएं निदेशालय तकनीकी शिक्षा विभाग, हरियाणा दवारा ली जाती है :—

1. राजकीय बहुतकनीकी, अम्बाला शहर
2. राजकीय बहुतकनीकी , सिरसा
3. राजकीय बहुतकनीकी, झज्जर
4. हरियाणा बहुतकनीकी , नीलोखेड़ी
5 छोटूराम बहुतकनीकी, रोहतक
6. वैश्य तकनीकी संस्था, रोहतक
7. राजकीय महिला तकनीकी संस्था, अम्बाला शहर
8. राजकीय सर्जीकल उपकरण तकनीकी सस्थान, सोनीपत,
9. वाई. एम सी. ए. इजीनीयरिंग संस्था, फरीदाबाद
10 राजकीय बहुतकनीकी, सुन्दरनगर (हि प्रदेश)
11. राजकीय बहुतकनीकी, हमीरपुर (हि प्रदेश)
12. जूनियरतकनीकी स्कूल कागड़ा (हि. प्रदेश)

उपर्युक्त क्रमाक 5, 6 पर दिखाई गई संस्था प्रईवेट है तथा इनको सहायता अनुदान इस विभाग द्वारा दी जाती है । क्रमाक 7-8 पर दिखाई गई संस्थाओ का प्रशासकीय नियंत्रण उदयोगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के पास है क्रमाक 10-11 पर दिखाई गई संस्था हिमाचल प्रदेश से सम्बन्धरखती है । समस्त बोर्ड का अन्तिम वर्ष का परीक्षाफल 75-76 में लगभग 65 प्रतिशत रहा और सस्थावार अन्तिम वर्ष का परीक्षा परिणाम तथा उसमे पढाये जाने वाले कोर्स का अवलोकन अनुबन्ध 'घ' पर है।

15 पारितोषिक तथा मैडल —राजकीय तकनीकी शिक्षा बोर्ड की अन्तिम वर्ष की परीक्षाओ मे प्रथम तथा द्वितीय प्रत्येक कोर्स में आने वाले छात्र को स्वर्ण तथा रजत पदक पारितोषिक के रूप में प्रदान किये जाते है।। इसके अतिरिक्त सस्थाओ में अच्छे खिलाडियो तथा योग्य छात्रो की भी वर्ष के दौरान मे कई प्रकार के पारितोषिक वितरण किये जाते है ताकि छात्र को परिश्रम करने में रुचि बढे ।

16 वर्ष 1975-76 मे निम्नलिखित छात्रो की परीक्षाओं में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर मैडल दिए गए :-

क्रमाक	छात्र का नाम	कोर्स	मैडल
1	2	3	4
1	श्री सुखबीर सिंह ..	सिविल	स्वर्णपदक
2	श्री कुलजीत सिंह वालिया	विद्युत	,,
3	श्री राजेन्द्र प्रशाद	यान्त्रिक	,,
4	श्री दिनेश कुमार	आटोमोबाईल	,,
5	श्री सतीश चन्द्र	जूनियर तकनीकी स्कूल सार्टीफिकेट	,
6	श्री गिरधारी लाल ..	सिविल	चांदी पदक
7	श्री नरेश कुमार .	विद्युत	,,
8	श्री मदन लाल ..	यान्त्रिक	,,
9	श्री मनजीत सिंह .	आटोमोबाईल	,,
10	श्री रोशन लाल	जूनियर तकनीकी स्कूल सार्टीफिकेट	,,

17. वर्ष 1975-76 में एक प्राध्यापक एक निरदर्शक तथा दो रेखा प्रदर्शक को टी टी. टी आई चण्डीगढ में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। यह प्राध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद छात्रों को उचित तथा आधुनिक ट्रेनिंग प्रदान करते हैं।

वर्ष 1975–76 मे सस्था-वार प्रवेश क्षमता तथा संस्थावार आरक्षित

अनुबन्ध

	अम्बाला				नीलोखेडी			
	सिविल	विद्युत	यान्त्रिक	जोड	सिविल	विद्युत	यान्त्रिक	जोड़
संस्था की प्रवेश क्षमता ..	120	60	60	240	90	75	75	240
हिमाचल प्रदेश ..	..	..	1	1	..	..	1	1
दक्षिणी तथा दक्षिणी पूर्व ऐशिया की जातिया	..	..	..	..	2	2	3	7
बाहर से आने वाले भारत के वासी शरणार्थी छात्र	1	..	..	1	1	..	..	1
जम्मू तथा काश्मीर के वासी	..	..	2	2	..	..	..	..
जोड .	1	..	3	4	2	2	4	9
शेष स्थान ..	119	60	57	236	87	73	71	231
अनुसूचित जातियो/कबीलो के छात्रो के लिए 20 प्रतिशत	24	12	11	47	17	15	14	46
पिछड़े वर्ग के छात्रो के लिए 2 प्रतिशत	2	1	1	4	2	1	1	4
भूतपूर्व सैनिको के बच्चो के लिए 4 प्रतिशत	5	2	3	10	4	3	3	10
पुरुष खिलाडी/महिलाओ के लिए 1 प्रतिशत प्रत्येक	2	2	2	6	2	2	2	6
शेष जो कुल ढग से योग्यता के आधार पर	86	43	40	169	62	52	51	170

स्थानो की स्थिति
'क'

झज्जर				सिरसा				कुल जोड़
सिविल	विद्युत	यान्त्रिक	जोड	सिविल	विद्युत	यान्त्रिक	जोड	
60	30	30	120	60	30	30	120	720
..	..	..	..	..	..	..	..	2
..	..	..	..	..	..	..	..	7
1	..	..	1	1	..	..	1	4
..	..	..	..	..	..	.	..	2
1	..	.	1	1	.	.	1	15
59	30	30	119	59	30	30	119	705
12	6	6	24	12	6	6	24	141
1	1	1	3	1	1	1	3	14
3	2	1	3	3	1	1	5	30
1	1	1	3	1	1	1	3	18
42	21	21	84	42	21	21	84	502

संस्थावार वर्ष 1975–76 मे कर्मचारी वर्ग की स्थिति

अनुबन्ध 'ख'

क्रम संख्या	पद का नाम	अम्बाला शहर		नीलोखेडी		झज्जर		सिरसा	
		स्वीकृत	भरे हुए	स्वीकृत	भरे हुए	स्वीकृत	भरे हुए	स्वीकृत	भरे हुए
1	प्रधानाचार्य	1	1	1	1	1	1	1	1
2	विभागाध्यक्ष	4	4	3	3	3	3	3	3
3	प्राध्यापक	18	16	16	15	9	7	9	9
4	कर्मशाला अधीक्षक/फोरमैन आटो	2	2	1	1	1	1	1	1
5	अवर प्राध्यापक	6	5	6	6	5	4	5	4
6	सीनियर प्रशिक्षक	2	1	..	..	..	..	..	.
7	सहायक कर्मशाला अधीक्षक	1	1	1	1	..	..	..	..
8	प्रदर्शक	13	12	13	11	11	10	11	10
9	रेखा प्रदर्शक (एक आटो)	12	12	11	11	7	7	7	7
10	पी.टी.आई	2	2	2	2	1	1	1	1
11	मोटर मकैनिक	1	1	..	..	..	..	..	.
12	विज्ञान प्रशिक्षक	1	..	1	1	..	..	..	.
13	प्रशिक्षक आटो	2	2	..	..	..	..	..	..
14	कर्मशाला शिक्षका	19	19	19	19	13	12	13	12

15	औज़ार मरम्मतकार	..	1	1	1	1	1	1	.	..
16	ड्राफ्टसमैन	..	1	1	2	2	1	1	..	..
17	विद्युतकार/मकैनिक	.	1	1	..	..	1	.	2	2
18	ड्राफ्टसमैन /ट्रेसर	..	1	..	..	..	..	..	..	..
19	बायलर इंचार्ज	..	1	1	1	..	1	1	1	..
20	सहायक मशीनिस्ट	..	2	1	..	..	..	..	..	..
21	पैट्रन मेकर	..	1	..	..	..	..	..	1	2
22	सहायक फिटर	..	1	..	..	..	..	..	.	..
23	इंजीनियर डिजाईनर	..	1	..	..	..	..	..	..	..
24	ड्राफ्टसमैन कम ट्रेसर	..	1	..	..	.	.	..	1	1
25	सहायक मशीनिस्ट कम इंजन ड्राइवर		1	1	..	..	..	..	..	..
26	प्रशिक्षक	..	5	..	..	..	..	..	..	..
27	मुख्य लिपिक	..	1	1	1	1	1	1	1	1
28	सहायक	..	..	..	2	2	..	..	.	..
29	लेखाकार	..	2	2	1	1	2	2	1	1
30	उच्च श्रेणी लिपिक	..	..	..	1	1	..	..	..	..
31	स्टेनोग्राफर	..	1	1	..	..	1	1	1	1
32	स्टैनोटाईपिस्ट	..	1	1	3	2	2	2	2	2
33	पुस्तकलयाध्यक्ष	..	1	1	1	1	1	1	1	1
34	लिपिक	..	6	6	13	8	9	8	7	7

क्रम संख्या	पद का नाम		अम्बाला शहर		नीलोखेड़ी		झज्जर		सिरसा	
			स्वीकृत	भरे हुए	स्वीकृत	भरे हुए	स्वीकृत	भरे हुए	स्वीकृत	भरे हुए
35	प्रयोगशाला सहायक	..	6	5	5	2	..	..	.	.
36	मोल्डर	..	1	1	..	..	..	..	..	..
37	बायलर अटैन्डैन्ट	..	1	1	..	..	..	..	..	..
38	स्टोरकीपर	..	1	1	3	2	1	1	1	1
39	रिकार्ड रिस्टोरर	..	1	1	1	1	1	1	..	..
40	प्रयोगशाला परिचारक	..	12	12	4	2	9	8	9	8
41	दफ्तरी	..	1	1	2	2	1	1	1	1
42	चपडासी	..	5	5	16	10	5	5	8	7

43	जमादार/मेहतर	..	5	5	15	13	2	2	7	5
44	चौकीदार	..	6	6	15	14	4	4	11	10
45	माली	..	3	3	3	3	3	3	3	3
46	वाटर केरियर	..	1	1	..	..	1	1	2	2
47	आयलमैन	..	1	1	..	..	..	..	..	..
48	हैमरमैन	..	1	1	1	1	1	1	1	1
49	लाईब्रेरी बीयरर	..	1	1	..	..	..	..	..	..
50	क्लासरूम क्लीनर	..	1	1	1	1	1	1	2	2
51	वर्कशाप कुली	..	1	1	..	..	4	4	2	2
52	अन्य चतुर्थ श्रेणी	..	..	..	25	22	8	6	7	7

अनुबन्ध 'ग'

वर्ष 1975–76 योजना तथा आयोजना स्कीमो के लिए बजट व्यवस्था तथा व्यय के आकडो से सम्बन्धित सूचना

क्रमांक	स्कीम तथा लेखा शीर्ष	आयोजना		योजना	
		बजट	व्यय	बजट	व्यय
		राशि लाख रुपयो में			
	एफ-I निदेशालय तकनीकी शिक्षा एफ 1 डायरैक्शन एण्ड एडमीन्ट्रेशन	4.11	4.64	0.20	..
2	एफ. II ग्राट, इन एड				
	(क) क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेज, कुरुक्षेत्र	18.15	18.15	..	..
	(ख) वाई. एम सी. ए. इंजीनियरिंग संस्था, फरीदाबाद	13.47	13.47	..	..
	(ग) छोटू राम बहुतकनीकी, रोहतक तथा वैश्य तकनीकी संस्था रोहतक	..	..	4.25	4.25
	(घ) फ़ीशिप	00.83	00.83	..	..
3	एफ IV पोलिटैक्नीकस				
	(क) राजकीय बहुतकनीकी, अम्बाला शहर	11.34	11.10	1.00	..

(ख) हरियाणा बहुतकनीकी, नीलोखेड़ी	..	11.79	10.74	1.00	1.00
(ग) राजकीय बहुतकनीकी, झज्जर	..	7.37	6:79	.	..
(घ) राजकीय बहुतकनीकी, सिरसा,	..	8.36	7.45	..	..
4 जे. टी. सब. नीलोखेडी एफ. III	..	0 73	0.76	..	.
5. 407—कैपीटल आऊट ले लोन एजुकेशन आर्ट एण्ड कलचर					
(क) रिजनल इंजनियरिंग कालेज, कुरुक्षेत्र	..	..	..	..	0.49
वाई. एम. सी. ए संस्था, फरीदाबाद तथा सरकारी संस्थाओं के विकास हेतु तथा स्टाफ के लिए क्वार्टरों के निर्माण		..	..	6.95	6.95
हेतु	..	..	..	1.55	0.99
6 267—लेबर एण्ड एम्पलायमैन्ट	..				
राजकीय महिला तकनीकी संस्था, अम्बाला शहर	..	..	..	0.65	0.56
677—ऋण–निर्धन तथा आवश्यकता वाले कला तथा साहित्य में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को ऋण के रूप में अनुदान हेतु	..	3.72	3.72	.	..
जोड़	..	79.87	77.65	14.60	14.24

अनुबन्ध

समस्त संस्थानुसार राज्य बोर्ड के तृतीय वर्ष डिप्लोमा इंजीनियर

संस्था का नाम	परीक्षा	छात्र जो परीक्षा मे बैठे			
		सिविल	विद्युत	यात्रिक	आटो
1. राजकीय ब तकनीकी, अम्बाला शहर	वार्षिक	110	18	36	19
	पूरक	27	6	13	4
2 राजकीय बहुतकनीकी, हमीरपुर (हि. प्रदेश)	वार्षिक	54	14	..	..
	पूरक	12	4	.	..
3 राजकीय बहुतकनीकी, झज्जर	वार्षिक	37	16	28	..
	पूरक	11	4	7	..
4 हरियाणा तकनीकी, नीलोखेडी	वार्षिक	78	41	64	..
	पूरक	21	19	21	..
5 छोटूराम बहुतनीकी, रोहतक	वार्षिक	57	27	24	
	पूरक	27	11	11	..
6 वैश्य तकनीकी, सस्था, रोहतक	वार्षिक	68	4	5	..
	पूरक	20	2	2	..
7 राजकीय बहुतकनीकी सिरसा	वार्षिक	32	27	48	..
	पूरक	6	5	9	..
8 राजकीय तकनीकी सुन्दर नगर ..	वार्षिक	51	15	..	15
	पूरक	24	9	..	5
जोड़		635	221	268	43

'घ'

की परीक्षा मई -1975 एवं दिसम्बर, 1975 में हुई का परीक्षा परिणाम

छात्र जो पास हुए				पास प्रतिशत			
सिविल	विद्युत	यान्त्रिक	आटो	सिविल	विद्युत	यान्त्रिक	आटो
80	13	24	15	88 00	72.2	66.7	78.9
21	3	8	1	77.8	50.00	61.5	25.0
43	9	..	..	79.6	64.3	..	..
10	4	..	.	83.3	100.00	..	..
25	9	19	..	67.6	56 3	67.9	..
8	4	..	..	72.7	100	00.0	..
67	18	42	..	86 0	44.00	65 6	..
17	11	12	..	81 0	57.9	57.1	..
30	16	13	.	52.6	59 2	54.2	.
20	9	6	..	74.1	81.8	54 5	..
44	2	3	..	64.7	100.0	40.0	..
14	1	..	..	70.0	50.0	00.0	..
26	22	39	.	81.3	81.5	81.3	..
6	3	3	..	100 0	60.0	33.3	..
26	7	..	9	51.00	46.7	..	60.00
17	6	..	4	70.8	75.0	..	80.00
454	137	169	29	71.5	62.0	63.0	67.0.

अनुबन्ध 'घ'

समस्त संस्थानुसार राज्य बोर्ड की डिप्लोमा इंजीनियरिंग की परीक्षा मई/जून, 1975 एवं नवम्बर/दिसम्बर 1975 की परीक्षा का परिणाम

क्रमांक	संस्था का नाम	वार्षिक मई/जून, 1975 छात्रों की संख्या	वार्षिक मई/जून, 1975 पास हुए छात्र	वार्षिक मई/जून, 1975 प्रतिशत	पूरक नवम्दर /दिसम्बर, 1975 छात्रो की संख्या	पूरक नवम्दर /दिसम्बर, 1975 पास हुए छात्र	पूरक नवम्दर /दिसम्बर, 1975 प्रतिशत
1	वाई एम सी. ए इंजीनियरिंग संस्था फरीदाबाद						
1	मशीन टूल आपरेशन तथा मैन्टीनैंस	23	12	52.2	5	..	0%
2	वैल्डिंग तथा शीट मैटल टैक्नोलोजी	6	4	66.7	1	1	100%
3	रैफ्रीजेशन तथा एयर कंडीशनिंग	12	12	100%	..	..	..

4	इलैक्ट्रीकल मशीनज तथा एपलाइंसिज	5	3	60.00	1	..	0%
5	इलैक्ट्रोनिक्स तथा कंट्रोल	8	6	75.00	1	1	100%
6	रेडियो तथा टैलीविज़न	8	7	87.5	1	..	00%
2	राजकीय सर्जीकल इंस्ट्रूमैन्टस टैक्नोलोजी संस्था, सोनीपत						
1	इंस्ट्रूमैंट टैक्नोलोजी	16	11	69.4	2	2	100%
2	मशीन टूल्ज और डाईसिंकिग टैक्नोलोजी	9	8	88.9	1	1	100%
3	राजकीय महिला बहुतकनीकी, अम्बाला शहर						
1	फार्मेसी तथा डेसर्ज कोर्स	35	19	54.3	13	2	15.4%
2	लाईब्रेरी साइंस	14	18	75.0	5	5	100%
4	जूनियर तकनीकी स्कूल कांगड़ा	6	4	66.7	2	2	100%
5	जूनियर तकनीकी स्कूल नीलोखेड़ी	..	..	..	..	..	..

35946 DTE—500—27-6-79—Govt. Press, Chd.